कार्यालय प्रधान मुख्य वनसंरक्षक (HOFF) राजस्थान, अरण्य भवन, जयपुर

क्रमांकः एफ.( )RTI / उवसं / सूप्रौ / 2015–16 / 425 दिनांकः 12/2/2016

परिपत्र

गृह विभाग के परिपत्र एफ(23) गृह–5 / 2005–पार्ट 2 दिनांक 11.8.2006 के परिशिष्ट के अनुसार सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग राजस्थान द्वारा सूचना का अधिकार पोर्टल (rti.rajasthan.gov.in) विकसित किया गया है। इससे नागरिक सूचना के अधिकार ऑनलाइन आवेदन / प्रथम अपील कर सकते है तथा सभी सहायक लोक सूचना अधिकारी / लोक सूचना अधिकारी / प्रथम अपील अधिकारी, नागरिको को सूचना ऑन लाइन भी प्रदान कर सकते है।

विभाग के सभी सहायक लोक सूचना अधिकारी (APIO) / लोक सूचना अधिकारी (PIO) / प्रथम अपील अधिकारी (FAO) के यूजर नेम व पासवर्ड सृजित किये जा चुके है। सभी अधिकारीयो को निर्देशित किया जाता है कि नियमानुसार सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत अपने दायित्व का निंवहन करे।

सूचना का अधिकार पोर्टल (rti.rajasthan.gov.in) के नोडल अधिकारी श्री करण सिंह उप वन संरक्षक (सूचना का अधिकार) जयपुर है। जिनकी राजकीय मेल आईडी dcfrti.jpr.forest@rajasthan.gov.in एवं मोबाइल नम्बर 7742259311 है। अधिकारी अपने यूजर नेम व पासवर्ड नोडल अधिकारी से प्राप्त कर सकते है। सभी अधिकारियो की राजकीय ईमेल आईडी (@rajasthan.gov.in) उनके यूजर नेम है।

(डॉ. एस.एस.चौधरी)
प्रधान मुख्य वन संरक्षक
राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः एफ.( )RTI / उवसं / सूप्रौ / 2015–16 / 426-575 दिनांकः 12/2/2016
प्रतिलिपिः– समस्त वनाधिकारी।

((डॉ. एस.एस.चौधरी)
प्रधान मुख्य वन संरक्षक
राजस्थान, जयपुर